प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 10.07.2024 (दोपहर–1310 बजे)
मुख्य समाचार

1. **वरिष्ठ उप चुनाव आयुक्त नीतेश व्यास की अध्यक्षता में चुनाव आयोग की छह सदस्यीय टीम आज शाम आयेगी रांची, विधानसभा चुनाव तैयारी पर दो दिनों तक होगा मंथन।**
2. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विभिन्न विभागों में रिक्त पड़े 30 हजार से अधिक पदों को सितंबर तक भरने के दिये निर्देश।**
3. **रांची पुलिस ने चर्चित डीपी ज्वेलर्स लूटकांड का किया खुलासा, आठ अपराधी गिरफ्तार, लूट के आभूषण, एक लाख 65 हजार रुपये नकद और पांच हथियार बरामद।**
4. **राज्य में कमजोर पड़े मानसून ने फिर पकड़ी रफ्तार, रांची समेत कई जिलों में शुरु हुई बारिश, मौसम विभाग ने 15 जुलाई तक वर्षा का जताया पूर्वानुमान।**
5. **भारत और जिम्बॉब्वे के बीच टी–ट्वेंटी श्रृंखला का तीसरा मुकाबला आज शाम हरारे स्पोर्टस क्लब मैदान में खेला जायेगा।**

****

राज्य में विधानसभा चुनाव को लेकर प्रशासनिक हलचल तेज हो गयी है। इस कड़ी में भारत निर्वाचन आयोग की एक टीम आज दो दिवसीय दौरे पर रांची आ रही है। पतरातू में यह टीम दो दिनों तक विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करेगी। टीम में सीनियर डिप्टी इलेक्शन कमिश्नर नीतेश व्यास और धर्मेन्द्र शर्मा के साथ छह अन्य अधिकारी भी शामिल हैं। पहले दिन आयोग की टीम राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार और राज्य निर्वाचन कार्यालय के अधिकारियों के साथ बैठक करेगी जबकि कल जिला निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ बैठक होगी।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कल विभिन्न विभागों के कामकाज की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों में खाली पड़े पदों की भी जानकारी ली। बैठक में श्री सोरेन ने अधिकारियों को सितंबर के अंत तक लगभग 30 हजार रिक्त पदों पर नियुक्ति पूरा करने का लक्ष्य दिया।

****

कांग्रेस वर्किंग कमिटी के सदस्य डॉ अजय कुमार ने कल जमशेदपुर के बारीडीह चौक से जनकल्याण रथ को रवाना किया। मौके पर मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि जनकल्याणकारी सरकारी योजनाओं से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए यह जनकल्याण रथ रवाना किया गया है।

****

झारखंड में हितधारकों को पहली जुलाई से लागू तीन आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम का व्यापक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने नये आपराधिक कानूनों पर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि ये क्रांतिकारी कदम हैं जो न्याय प्राप्त करने में मदद करेगा।

साउंड बाइट – चंदन कुमार सिन्हा, एसएसपी रांची – 48 सेकेंड

****

चतरा जिले के टंडवा प्रखंड में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट निधि से करीब 10 करोड़ रुपए की लागत से दो नदियों पर पुल बनाने की अनुमति प्रदान कर दी गई है। बड़की नदी और कबरा–खद्दैया नदी पर पुल बन जाने से टंडवा और केरेडारी प्रखंड की दूरी पांच से सात किलोमीटर तक कम हो जायेगी।

****

गुमला जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई स्तरों पर प्रयास किए जा रहे हैं। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

****

रांची पुलिस ने चर्चित डीपी ज्वेलर्स लूटकांड का खुलासा कर लिया है। कांड में शामिल आठ अपराधियों को पुलिस ने अलग–अलग ठिकानों से छापेमारी कर गिरफ्तार किया है। इस लूटकांड को पलामू के एक गिरोह ने अंजाम दिया था। गिरफ्तार अपराधियों के पास से लूट का 950 ग्राम चांदी, 450 ग्राम सोना, एक लाख 65 हजार नगद सहित पांच हथियार बरामद किए गए हैं।

****

राज्य सरकार द्वारा उन्नति का पहिया योजना के तहत सरकारी विद्यालयों में आठवीं कक्षा में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के बीच साइकिल का वितरण किया जा रहा है। इस सिलसिले में हजारीबाग जिले के केरेडारी प्रखंड में विधायक अंबा प्रसाद ने साइकिल वितरण योजना का शुभारंभ किया। इस दौरान दो सौ साठ छात्र–छात्राओं को साइकिल दी गयी। मौके पर विधायक ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में यह पहल काफी सराहनीय है।

****

जमशेदपुर में पुलिस ने हत्या के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिले के वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने बताया कि वर्ष 2022 में दुर्गा पूजा के दौरान रणजीत सिंह की हत्या में इन तीनों की संलिप्तता रही है।

****

भारत और जिम्बाब्वे के बीच आज शाम तीसरा टी–20 क्रिकेट मैच **हरारे** में खेला जाएगा।

<u>********************</u>**

केरला समाज मॉडल स्कूल की ओर से जमशेदपुर स्थित जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में दो दिवसीय सीआइएससीइ जोनल बैडमिंटन टूर्नामेंट सह ट्रायल की शुरुआत हो गयी है। इसमें जमशेदपुर शहर के 23 सीआईएसीइ मान्यता प्राप्त स्कूलों के 275 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। इस प्रतियोगिता के प्रदर्शन के आधार पर चुने जाने वाले खिलाड़ी 27 और 28 जुलाई को पटना में होने वाली सीआइएससीइ क्षेत्रीय बैडमिंटन टूर्नामेंट में भाग लेंगे।

<u>********************</u>**

राज्य में कमजोर पड़े मानसून ने फिर से रफ्तार पकड़ ली है। राजधानी रांची समेत कई जिलों में बारिश शुरु हो गयी है। मौसम विभाग ने 15 जुलाई तक राज्य में बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। इस दौरान कुछ स्थानों पर वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है।

<u>*****समाप्त*******</u>**